झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/93/22 –87 ,राँची/दिनांक: 25/10/2023

पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2023 के परीक्षाफल के आधार पर विशेष चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित आवश्यक सूचना

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, का पत्रांक–1002 दिनांक–25.10.2023 के आलोक में झारखण्ड राज्य स्थित राजकीय पोलिटेकनिक (महिला सहित) संस्थानों, पी0पी0पी0 मोड पर संचालित पोलिटेकनिक संस्थानों एवं गैर–राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड के अधीन संचालित Jharkhand Government Mini Tool Room & Training Centre, Ranchi, Government Tool Room & Training Centre, Dumka में Tool & Die Making एवं Central Institute of Plastic Engineering and Technology (CIPET), Ranchi में Plastics Technology एवं Plastics Mould Technology पाठ्यक्रम के शैक्षणिक वर्ष 2023–24 में नामांकन की अनुशंसा हेतु आयोजित प्रथम द्वितीय एवं तृतीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार से नामांकित अभ्यर्थियों के उपरांत रिक्त बचें सीटों पर नामांकन की अनुशंसा हेतु विशेष चक्र साक्षात्कार दिनांक–26.10.2023 से आयोजित की जा रही है।

2. शैक्षणिक वर्ष 2023–24 के लिये उपलब्ध सीटों की संस्थानवार/कोटिवार/कोटावार सीटों की विवरणी http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Download Column पर देखा जा सकता है।

3. मेधा–सूची में सम्मिलित तथा धनात्मक (Positive) अंक धारक उम्मीदवार उपलब्ध संस्थानों/शाखाओं में से अपने लिये शाखा/संस्थान का चयन प्राथमिकता (Priority) के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध Online Counselling for Admission in Polytechnic-2023" Link पर Click कर दिये गये दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर विकल्पों का चयन कर लें। ऑनलाईन साक्षात्कार के पूर्व पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2023 की मार्ग–निर्देशिका को अवश्य पढ़ लें। **विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करे।**

Time Schedule for Special Round of Online Counselling

Sl. No.	Activity	Date
1.	Display of vacant Seat Matrix for Special Round of Counselling	26.10.2023
2.	Starting date of Online Registration and Choice Filling for seat Allotment	26.10.2023
3.	Last date of Online Registration & Choice Filling for seat Allotment	27.10.2023 (upto 04.00 PM)
4.	Date of publication of Seat Allotment list	28.10.2023
5.	Downloading of Provisional seat Allotment Letter	28.10.2023 to 29.10.2023 (upto 04.00 PM)
6.	Documents Verification and Admission in the concerned Institute	28.10.2023 to 29.10.2023 (upto 04.00 PM)

4. साक्षात्कार शुल्कः– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

Sl.No.	**Category**	**Counselling Fee**
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	SC/ST/Female Candidate of all categories	Rs. 250.00

5. **सीट आवंटन हेतु आंशिक नामांकन शुल्क की राशि** :– अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) करने हेतु आंशिक नामांकन शुल्क रू0 1,000/– की राशि उपरोक्त कंडिका–4 में वर्णित तरीका के ही अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में नामांकन लेते हैं तथा अध्ययन जारी रखते हैं तो आंशिक नामांकन शुल्क की राशि शिक्षण शुल्क में समायोजन हेतु संबंधित संस्थान को उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा आंशिक नामांकन शुल्क की राशि पर्षद द्वारा जब्त (Seize) कर ली जायेगी।

6. विशेष चक्र साक्षात्कार में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कारों से नामांकित/अनामांकित, आवंटित/अनआवंटित अभ्यर्थी सीटो के आवंटन/पुर्नआवंटन तथा रिक्त बचे सीटों पर शाखा/संस्थान परिवर्त्तन कराना चाहते हैं वे इस साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। यदि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार से नामांकित अभ्यर्थी को विशेष चक्र साक्षात्कार में पुनः सीट आवंटित होता है तो उन्हें नये आवंटित संस्थान/शाखा में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनके पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।

7. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार से आवंटित तथा संस्थान में नामांकित अभ्यर्थियों को आंशिक नामांकन शुल्क पुनः देय नही होगा।

8. विशेष चक्र साक्षात्कार में आरक्षित सीटों के विरूद्ध अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में आरक्षित सीटों का विनियमन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–02/2019 का0–1434/राँची दिनांक–15.02.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुसार किया जायेगा।

9. निर्धारित तिथि तक नामांकन नहीं लेने पर सीट/संस्थान का आवंटन स्वतः रद्द हो जायेगा।

(**रंजीता हेम्ब्रम,** झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक